भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1170
दिनांक 13.12.2023/ 22 अग्रहायण, 1945 (शक) को उत्तर के लिए

मोबाइल फोरेंसिक सुविधाएं

1170 श्री एस. निरंजन रेड्डीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार मोबाइल फोरेंसिक सुविधाओं की प्रभावोत्पादकता और कार्यकुशलता का परीक्षण और मूल्यांकन करने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना चला रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार की इसे विकसित करने हेतु राज्यों की सहायता करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की योजना बनाने का मंशा है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय कुमार मिश्रा)

(क) और (ख) जी नहीं।

(ग) और (घ) फोरेंसिक क्षमताओं के आधुनिकीकरण के लिए एक योजना को मंजूरी दी गई है जो अन्य बातों के साथ-साथ सभी राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों को अपने फोरेंसिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए मोबाइल फोरेंसिक वाहन की खरीद के लिए सहायता प्रदान करती है।

******